न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर फूलियाकलां जिला भीलवाडा
पीठासीन अधिकारी– श्री भंवरलाल कांसोटिया, आर.ए.एस.

प्रकरण सं0 –	तारीख दायर	तारीख फैसला
24 / 2018 / प्रार्थना पत्र	02.02.2018	28.02.2018

उनवान

1– महावीर पिता सुखा कुम्हार निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
2– मु0 माया पुत्री सुखा कुम्हार निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां

– प्रार्थीगण

बनाम

1– भैरू पिता रामकरण खारोल निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
2– हीरा पिता छोटू खारोल निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
3– सत्यनारायण पिता श्रवण तेली निवासी मोतीपुरा तह0 फूलियाकलां
4– कैलाश पिता गोकुल मेवाड़ा निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
5– रोडू पिता रामचन्द्र तेली निवासी मोतीपुरा तह0 फूलियाकलां
6– रामस्वरूप पिता हाथी खारोल निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां
7– प्रहलाद पिता रामकरण खारोल निवासी बालापुरा तह0 फूलियाकलां

– विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा– 128 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :– श्री विजय पाराशर : अधिवक्ता प्रार्थीगण

निर्णय

प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा – 128 एल0आर0एक्ट विरूद्ध विपक्षीगण के प्रस्तुत किया जिसके संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है, ग्राम बालापुरा पटवार हल्का बालापुरा तहसील फूलियाकलां मे प्रार्थीगण व नाबालिग खातेदार इन्द्रा, रामघणी, सुशीला के संयुक्त खातेदारी की खातेदारी अधिकार की आराजी कुल किता 3 रकबा 0.96 है0 भूमि स्थित है। पेरा नं0 1 मे वर्णित आराजीयात मे से 1340 / 493 रकबा 0.64 है0की सीमाओं के विपक्षीगण नं0 1 व 7 पड़ोसी होने से आये दिन फसल काश्त करते समय व फसल काटते समय मौके पर विवाद करते है। विपक्षी संख्या अतः निवेदन है कि पैरा नं0 1 मे वर्णित आराजीयात मे से आ0न0

1340/493 रकबा 0.64 हैO की मुस्तकिल निशान से पत्थरगढ़ी किये जाने का आदेश बक्षाते हुए प्रार्थीगण की भूमि की चारों सीमाओं पर मुस्तकिल निशान लगाये जाने का आदेश बक्षावे।

प्रकरण पंजीबद्व किया जाकर विपक्षीगणों को जरिये सम्मन तलब किया गया। दिनांक 28.02.2018 को विपक्षी संख्या अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 7 के सम्मन बाद तामील प्राप्त हो जाने पर भी उपस्थित नही हुये। अतः अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 7 के विरूद्व एक तरफा कार्यवाही की गई। प्रार्थीगण के अभिभाषक ने बहस करनी चाही जिससे उनकी एक तरफा बहस सुनी गई। बहस मे अभिभाषक प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यों एवं दस्तावेजात के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने हेतु निवेदन किया। बहस पर मनन एवं दस्तावेज का अवलोकन किया गया। जमाबन्दी ग्राम बालापुरा पटवार मण्डल बालापुरा संवत 2071 से 74 के खाता संख्या 136 आOनO 1340/493 रकबा 0.64 हैO के प्रार्थीगण खातेदार काश्तकार दर्ज रेकार्ड है अतः उक्त आराजी की पत्थरगढ़ी के आदेश दिया जाना उचित समझता हूँ :–

आदेश

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एलOआरOएक्ट विरूद्व विपक्षीगण के स्वीकार किया जाकर वाके ग्राम बालापुरा पटवार हल्का बालापुरा तहसील फूलियाकलां मे प्रार्थीगण के खातेदारी अधिकार की खाता संख्या 136 आOनO 1340/493 रकबा 0.64 हैO के प्रार्थीगण के खातेदारी आराजीयात की पत्थरगढ़ी अन्य किसी न्यायालय मे प्रकरण जैरकार होकर स्थगन आदेश आदि न हो तो पक्षकारान की मौजूदगी मे ऑफ सीजन मे पत्थरगढ़ी किये जाने हेतु तहसीलदार फूलियाकलां को 300/– (अक्षरे तीन सौ रूपये मात्र) की कमीशन राशि पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीशन राशि मौके पर प्रार्थीगण से प्राप्त करे। निर्णय प्रति पालनार्थ

तहसीलदार फूलियाकलां को भेजी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

आदेश आज दिनांक 28.02.2018 को विवृत न्यायालय मे सुनाया गया।

(भंवरलाल कांसोटिया)
आर0ए0एस0
उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर, फूलियाकलां (भीलवाड़ा)

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर
फूलिया कलाँ, जिला–भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :– तहसीलदार, फूलियाकलां पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान की मौजूदगी मे नियमानुसार पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट शीघ्र भिजावे।

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर, फूलियाकलां (भीलवाड़ा)

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलेक्टर
फूलिया कलाँ, जिला–भीलवाड़ा